तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 23 मार्च 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3
श्रीमद् भागवत कथा, सुदामा चरित्र प्रसंग में बताई सच्ची मित्रता

## खबर संक्षेप

### मलेशिया में आयोजित कथक प्रतियोगिता में प्रीति प्रथम

**कोरबा।** कु. प्रीति चन्द्रा को मलेशिया में आयोजित कत्थक नृत्य प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीति ने अपनी प्रतिभा से माता-पिता के साथ-साथ शहर, समाज, देश-प्रदेश का नाम रौशन किया है। राताखार निवासी मदन व ममता चन्द्रा की पुत्री हैं। अंचल के साहित्यकार कृष्ण कुमार चंद्रा सहित समाज के लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय कलाकार से सौजन्य मुलाकात कर अपनी शुभकामनाएं दी।

### बाल विवाह मुक्त भारत जागरुकता शिविर

**कोरबा।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना बरपाली द्वारा बरपाली स्थित समरसता भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मनोज झा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, नीता यादव जनपद सदस्य बरपाली, राकेश यादव प्रवीण उपाध्याय संजू वैष्णव, तुलसी रात्रे, बाल संरक्षण अधिकारी कोरबा दया दास मानिकपुरी, परियोजना अधिकारी बरपाली कीर्ति जैन आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर श्रीफल व पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इसके पश्चात आगंतुक अतिथियों का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात बाल संरक्षण अधिकारी दया दास द्वारा आओ बनाए बाल विवाह मुक्त कोरबा कार्यक्रम के तहत उनके द्वारा बाल विवाह रोक के लिए जानकारी दी गई। जनपद सदस्य नीता यादव द्वारा बाल विवाह कानून के बारे में बताया गया। मनोज झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कह कि जिस बच्ची की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है तथा अगर वह विवाह करने में सक्षम नहीं है और तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह के दायरे में नहीं आता उन्होंने उनका कन्यादान करने घोषणा की। उन्होंने अपने-अपने आंगनवाड़ी केंद्र को बेहतर बनाने की बात कही।

### मरीज किसी भी लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से क्रय कर सकते हैं दवा

**कोरबा।** निजी अस्पतालों में इलाज हेतु जाने वाले आमजन किसी भी लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवाइयां कय कर सकते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस सम्बंध में एडवाइजरी जारी करते हुए सभी निजी अस्पताल संचालकों को निर्देशित किया है कि वे मरीजो को अपने हॉस्पिटल कैम्पस में स्थित फार्मेसी से दवाइयां खरीदने के लिए दबाव नहीं बनाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्राइवेट अस्पताल अपनी फार्मेसी से ही दवाएं खरीदने हेतु किसी भी मरीज पर दबाव या जबरदस्ती नहीं कर सकते है। साथ ही सभी निजी अस्पतालों में, मरीज किसी भी लायसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवा खरीद सकते हैं, इस आशय का स्पष्ट रूप से लिखा हुआ बोर्ड लगाना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निजी चिकित्सालय संचालको को निर्देशित किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। मरीजों को चिकित्सालय कैम्पस की फार्मेसी से दवाये क्रय करने के लिए बाध्य नही करे तथा अपने चिकित्सालय में, मरीज किसी भी लायसेंस प्राप्त फार्मसी से दवा खरीद सकते हैं का स्पष्ट लिखा हुआ बोर्ड प्रदर्शित करें।

# मौसम के बिगड़े तेवर से ग्रामीण अंचल के दर्जनों गांव रहे अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शुक्रवार दोपहर मौसम में आए बदलाव का असर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में देखा गया। जहां बिजली गुल रहने से लोगों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ा। शहरी क्षेत्रों में यह स्थिति देर रात सुधारी जा सकी। किंतु ग्रामीण अंचलों के दर्जनों गांव रातभर अंधेरे में रहा। शुक्रवार दोपहर गुल हुई बिजली शनिवार दोपहर सुधारी जा सकी। दो घंटे रहने के बाद फिर से गुल हो गई।

मौसम के बिगड़े तेवर का असर शहरी क्षेत्र के रिहायशी इलाकों में नजर आया। घंटों बिजली गुल रहने के कारण मार्केट में अंधेरा छाया रहा। स्थिति यह थी कि देर रात कई स्थानों में बिजली आई तो कहीं सुबह तक लोगों को इंतजार करना पड़ा। इससे ज्यादा खराब स्थिति ग्रामीण अंचलों में देखी गई। विशेषकर करतला विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों एवं कोरबा विकासखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में बिजली 24 घंटे तक गुल रही। कोरबा विकासखंड के पहाड़ी इलाकों में जहां तेज बारिश के साथ ओले गिरने की घटनाएं हुई। वहीं शनिवार को दोपहर बाद बिजली सुधारी जा सकी। तेज आंधी की वजह से कई सथानों में पेड़ की डगाली टूटने से तार टूटकर बिखर गया। जंगली क्षेत्र होने के कारण बिजली कर्मचारियों को सुधार कार्य करने में सुबह का इंतजार करना पड़ा। तब कहीं जाकर दोपहर बाद बिजली की व्यवस्था सुधारी जा सकी। करतला ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कुदमुरा, श्यांग जिल्गा बरपाली, अमलडीहा, नकिया विमलता, देवपहरी इन क्षेत्रों में बारिश ने कहर ढाया था। कई स्थानों में पेड़ गिरने की भी घटनाएं हुई। शनिवार सुबह से ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली विभाग का अमला फाल्ट सुधारने में लगा रहा।

## कुदमुरा, श्यांग क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर से बंद रही बिजली

**खास बातें**

- कई स्थानों में हुई तार टूटने की घटनाएं, सुधारने में लग गया लंबा समय
- दूसरे दिन भी नहीं सुधरे खराब ट्रांसफार्मर

### शनिवार अवकाश होने के कारण, दफ्तर बंद

शनिवार को अवकाश होने के कारण ब्लॉक मुख्यालय के दफ्तरों के बंद रहने के कारण कामकाज प्रभावित नहीं हुआ। शुक्रवार दोपहर बाद से ही सरकारी दफ्तरों में अवकाश की स्थिति निर्मित हो जाती है। सोमवार को दफ्तर खुलने के बाद कामकाज शुरु होगा। सरकारी दफ्तरों में बिजली समस्या की वास्तविक स्थिति सोमवार को ही सामने आ पाएगी।

## छुरी के कोसगाई गढ को पुरातात्विक स्थल की सूची में शामिल कराने होगी पहल

# याद आई धरोहर, पुरातात्विक महत्व के स्थलों को संवारने होगी कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में स्थित प्राचीन एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों को संवारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पहल की जाएगी। चैतुरगढ़ से लेकर कोसगाई गढ तक पुरातात्विक महत्व के स्थलों को चिन्हांकित किया जा रहा है। वर्ष 2012 के सर्वे के दौरान छुरी के कोसगाई गढ को पुरातात्विक विभाग के सर्वे सूची से बाहर कर दिया गया था तब से यह स्थल पुरातात्विक महत्व के दृष्टि से होने वाले रख रखाव से दूर बना हुआ है। जबकि पूर्व में यहां पुरातात्विक विभाग ने अपना बोर्ड भी लगाया था।

**खास बात**

- वर्ष 2012 के सर्वे के दौरान जिले के पुरातात्विक स्थलों की सूची से हो गया था बाहर

कोरबा जिले के ग्रामीण अंचलों में पुरातात्विक महत्व के कई स्थल मौजूद हैं। जिनकी ऐतिहासिकता को दर्शाते हुए जिला मुख्यालय में पुरातात्विक संग्रहालय का संचालन हो रहा है। जो रख रखाव के अभाव में स्वयं बेजान हो चला है। पुरातात्विक महत्व के प्रमुख स्थलों में कोरबा विकासखंड के ग्राम कोसागई पहाड़ में देवी का प्राचीन मंदिर है। जिसे सातवीं शताब्दी पुराना बताया जाता है। ग्रामीण अंचलों में आस्था का केंद्र कोसगाई देवी के नाम से इसकी पहचान बनी हुई है। जिले के पुरातत्व महत्व के स्थलों का जब अखंड मध्यप्रदेश के समय सर्वे हुआ था उस दौरान छुरी के 16वीं शताब्दी पुराने किले को भी शामिल किया गया था। उस दौरान उस पर पुरातात्विक विभाग ने एक बोर्ड भी लगाया गया था जो जीर्णक्षीण हो गया है। जिससे स्थल के महत्व की जानकारियां यहां आने वाले लोगों को नहीं मिल पा रही है। पिछले दिनों जिले के प्रवास पर आये प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने जब पर्यटन स्थल बुका का निरीक्षण करने के बाद प्रशासन के अधिकारियों से पुरातात्विक महत्व के स्थलों की जानकारी ली तो कलेक्टर ने उन्हें जिले में स्थित प्राचीन पुरातात्विक स्थलों की सिलसिलेवार जानकारियां दी थी। इसके साथ ही राज्यपाल ने पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने और मार्डन बनाए जाने पर जोर दिया था। छुरी के कोसगाई गढ के प्राचीन स्थलों को पुरातत्व विभाग की सूची में शामिल कराने के लिए भोपाल कार्यालय को पत्र व्यवहार किया जाएगा।

पहाड़ पर स्थित सीढ़ी। (इंसेट में पहाड़ उपर स्थित मंदिर)

### समिति की बैठक में लिया गया नया सर्वे का निर्णय

जिले के पुरातात्विक महत्व के स्थलों को संवारने के संबंध में प्रशासन ने जिला पुरातात्व समिति का गठन किया है जिसमें चारों विधानसभा के विधायक डिप्टी कलेक्टर समिति के सदस्य हैं। समिति की बैठक में पुरातात्विक महत्व के स्थलों का नए सिरे से सर्वे कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पुरातात्विक महत्व के स्थलों के संबंध में संगोष्ठी का आयोजन तथा जिले में मिले प्राचीन शैल चित्रों को पुरातात्व विभाग की सूची में शामिल कराने, नवीन स्थलों की खोज किए जाने के लिए टीम बनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

### कोसगाई गढ का इतिहास

जिले में स्थित एक प्राचीन गढ़ है, जो अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। यह गढ़ 16वीं शताब्दी में हैहयवंशी राजा बहारेन्द्र साय, जिन्हें कलचुरी राजा भी कहा जाता है, द्वारा स्थापित मां कोसगाई मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि खजाने की रक्षा और क्षेत्र में शांति की स्थापना के लिए कोसगई के मंदिर को स्थापित किया गया था। मंदिर 4 सौ फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थित है, जहाँ तक दुर्गम पहाड़ी रास्ते से पहुंचा जा सकता है। ऐसा कहा जाता है कि कलचुरी राजा रतनपुर से खजाना लेकर आए थे और उसे कोसगई में छुपाया था।

### जानकारी तैयार की जाएगी

जिले के पुरातात्विक ऐतिहासिक स्थलों के संबंध में नए सर्वे के लिए पुरातत्व समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है। पूर्व में जिन स्थलों की जानकारियां उपलब्ध हैं उन स्थलों को विकसित किया जाएगा। छुरी को पुरातात्विक महत्व के स्थलों में शामिल कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किया जाएगा।

-अजीत वसंत, कलेक्टर

# एनटीपीसी हॉस्पिटल से बारहसिंगा को रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कॉलोनी स्थित विभागीय अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक बारहसिंगा कुत्तों के डर से भागते हुए अस्पताल परिसर में जा पहुंचा। अस्पताल में बारहसिंगा जा पहुंचा। अस्पताल परिसर में बारहसिंगा को विचरण करते देख लोगों में कौतुहल का विषय बना रहा। जिसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद वन विभाग व छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की सुयुक्त टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद बारहसिंगा का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया।

**खास बातें**

- कॉलोनी में कुत्तों की डर से भागते हुए पहुंचा अस्पताल परिसर
- वन विभाग व छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

एनटीपीसी कॉलोनी में शुक्रवार की रात एक नर बारहसिंगा जंगल से भटकता हुआ पहुंच गया। कॉलोनी में बारहसिंगा को उछल कूद करते देख कुत्ते उसे दौड़ाने लगे। कुत्तों की डर से अपनी जान बचाकर भागते हुए बारहसिंगा एनटीपीस अस्पताल परिसर में पहुंच गया। हॉस्पिटल परिसर में बारहसिंगा के देखे जाने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए बारहसिंगा को सुरक्षित बचा लिया। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम में शामिल अक्षय कुमार एंथोनी, सागर साहू, रघु सिंह, विक्रम सिंह और निधि सिंह ने वन अधिकारियों के साथ मिलकर रातभर चले ऑपरेशन को सफल बनाया। बारासिंघा को किसी प्रकार की चोट नहीं आई और उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

### अधिकारियों ने जताई संतुष्टि

डीएफओ कटघोरा ने कहा कि यह ऑपरेशन वन्यजीव संरक्षण और विभागों के बीच समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमने टीम के साथ मिलकर जीव को तनावमुक्त तरीके से बचाने में सफलता पाई। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से वन्यजीवों की सूचना तुरंत देने का अनुरोध भी किया है। इस घटना से जंगली जीवों के प्रति सामुदायिक जागरूकता और प्रशासनिक दक्षता की अहमियत एक बार उजागर हुई है।

# वितरण कंपनी में परिचारक लाइन के संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महासचिव आरसी चेट्टी ने छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी के अध्यक्ष व राज्य विद्युत वितरण कंपरी के प्रबंध निदेशक से विद्युत कंपनी में परिचारक लाईन (संविदा) कर्मचारियों को उच्च न्यायालय के फैसले के अनुरूप नियमितिकरण पर विचार करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत कंपनी में वर्ष 2016 एवं वर्ष 2018 से परिचारक लाईन (संविदा) पद पर कार्यरत लगभग 2 हजार कर्मचारियों को नियमितिकरण करने संगठन द्वारा लगातार पत्राचार किया गया। संगठन द्वारा कर्मचारियों के नियमितिकरण करने नियम व कानूनी पक्ष भी प्रबन्धन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रबन्धन द्वारा संगठन के सुझाव पर प्राप्त विधिक अभिमत में कर्मचारियों को नियमित करने का अभिमत प्राप्त होने की जानकारी मिली है, जिस पर संचालक मण्डल की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा दो दिन पूर्व अपने एक फैसले में एनआईटी रायपुर में वर्षों से कार्यरत संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को चार महिने के भीतर नियमित करने का आदेश दिया ⏭ शेष पेज 3 पर

# नत्थूलाल शहर तो मनोज बने ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी के नये शहर व ग्रमीण अध्यक्ष की नियुक्ति की है। जिला कांग्रेस कमेटी की शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान के स्थान पर अयोध्यापुरी दर्री निवासी नत्थूलाल यादव को नया शहर अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल के स्थान पर पाली ब्लॉक के परसदा निवासी मनोज चौहान को नया ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

**खास बात**

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बदला जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण अध्यक्ष



नत्थूलाल।

मनोज।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी रेणुगोपाल द्वारा जारी पत्र के माध्यम से प्रदेश के 10 जिलों में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को बदल कर नई नियुक्ति की गई है। जिसमें कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी के शहर एवं ग्रामीण अध्यक्षों की भी नई नियुक्ति की गई है। कोरबा जिला में नई नियुक्ति के बाद कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलने की संभावना जताई जा रही है। श्री यादव एवं श्री चौहान संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है, इनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए कांग्रेस ने इन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। श्री यादव एवं श्री चौहान ने प्रदेश कांग्रेस संगठन प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा सहित वरिष्ठ जनों का आभार जताया हैं।

## पार्षद राजेश्वरी के बाद किशोर ने भी छोड़ी पार्टी

# कटघोरा में कांग्रेस को झटका, पार्षद किशोर ने छोड़ी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने वाली कांग्रेस को संगठन स्तर पर एक और बड़ा झटका लगा है। वार्ड क्रमांक 3 अंबेडकर नगर से कांग्रेस पार्षद किशोर दिवाकर ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, जिससे शहर की राजनीति में हलचल मच गई है।

किशोर दिवाकर पहले निर्दलीय पार्षद थे। जिसके बाद वर्ष 2023 के निकाय चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया और उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार टीकम राजपाल को बड़े अंतर से हराया। अब कांग्रेस छोड़ने का फैसला कर उन्होंने अपना त्यागपत्र शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल को भेज दिया है। इससे पहले वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद राजेश्वरी जात्रा भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई थीं। उन्हें इस बार कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया था, जिसके चलते उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। बाद में भाजपा ने उन्हें अपने पाले में कर लिया। इसी तरह वार्ड 11 के पूर्व पार्षद अशफाक अली भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब कयास लगाया जा रहा कि किशोर दिवाकर भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। किशोर दिवाकर की नाराजगी की वजह पीआईसी (परिषद् की विशेष समिति) में जगह न मिलना बताई जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि किशोर दिवाकर पीआईसी में शामिल न किए जाने से नाराज हैं, लेकिन उन्हें दूसरी समिति में जगह दी गई थी। यह मामला अब जिला संगठन के सामने रखा जाएगा और आगे का फैसला जल्द लिया जाएगा।

### मजबूत पकड़ के बाद भी लग रहे झटके

हाल ही में हुए निकाय चुनाव में कांग्रेस ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाकर बड़ी सफलता हासिल की। कांग्रेस के 9 पार्षद नगर पालिका पहुंचे और वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद लालबाबू ठाकुर उपाध्यक्ष पद पर चुने गए। हालांकि चुनाव के बाद हो रहे इन राजनीतिक बदलावों से कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ रहा है। बहरहाल अब देखना होगा कि पार्षद किशोर दिवाकर के कांग्रेस छोड़ने के बाद क्या अगला कदम उठाते हैं और क्या वह भी भाजपा का दामन थाम लेते हैं।

# बुजुर्ग महिला के निधन के बाद परिवार ने किया देहदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ीबहार निवासी चौहान परिवार ने वृद्ध महिला के निधन के बाद उसका अंतिम संस्कार करने के बजाए परिवार ने उनके शरीर को मेडिकल कॉलेज में दान करने का निर्णय लिया। जिससे डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे बच्चों को सुविधा मिल सके। मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों के इस निर्णय की सराहना की है और देहदान के लिए और भी लोगों से आगे आने की अपील की है। रक्तदान और नेत्रदान को जिस तरह से महादान माना गया है। ठीक उसी तरह देह दान को भी महादान माना गया है। देहदान से उन छात्रों को पढ़ाई करने में आसानी होती है, जो चिकित्सा के क्षेत्र में आगे आना चाहते है। देहदान से उसका उपयोग मेडिकल की पढ़ाई में किया जाता है, जिससे बच्चों को काफी सहूलियत होती है। पोड़ीबहार के चौहान परिवार ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- पोड़ी बहार निवास चौहान परिवार की मेडिकल अस्पताल प्रबंधन की सराहना

मृतका।

## खबर संक्षेप

### छात्र से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मामूली विवाद में एक छात्र के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पंडरिया किशुनगढ़ निवासी विकास जायसवाल पिता गणेश जायसवाल अशोकनगर पेट्रोल पंप के पास किराए के मकान में रहकर डीएलएस कालेज में बीएम द्वतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। 22 मार्च को सुबह 10 बजे एकता कालोनी निवासी देव ने उन्हें फोन कर अपने दुकान में मिलने के लिए बुलाया। वह नहीं आउंगा बोलकर फोन काट दिया। 12 बजे वह डीपी ल कालेज हनुमान मंदिर के पास गए तो देव द्वेदी ने कैसे नहीं आउंगा बोला था कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने छात्र विकास की रिपोर्ट पर हमलवार युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फांसी पर लटकी मिली बालक की लाश

**बिलासपुर।** हाथ टूट जाने पर बुआ के घर इलाज कराने आए 10 साल के बालक की फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया बेलगहना दारसागर निवासी मनमोहन पैकरा रोजी मजदूरी करते है। 26 जनवरी को खेलने के दौरान उनके 10 साल के बेटे विवेक पैकरा के हाथ की हड्डी टूट गई थी, उसके हाथ राड लगा हुआ है। दो दिन पहले वे इलाज कराने के लिए विवेक को सिरगिट्टी गोविंदनगर निवासी चचेरी बहन तुलकुंवर के घर छोड़कर चले गए थे। शुक्रवार को सुबह 10 बजे बुआ अपने परिवार के साथ बाहर चली गई। विवेक पैकरा घर में अकेले था। कुछ देर बाद सड़क पर काम करने वाले सफाई कर्मी आए, उन्होंने उनके घर के पोर्च की सीढ़ी की रेलिंग में बालक की फांसी पर लटकी लाश देखी। उन्होंने आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और फंदे से शव उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस परिजन व दोस्तों से पूछताछ में कर गृत्थी सुलझाने में जुटी हुई है।

### शनि मंदिर में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** चोरों ने शनि मंदिर में धावा बोलकर चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर निवासी सौमित्र धर शनि मंदिर के सदस्य है। उन्होंने रिपोर्ट लिखाई 22 मार्च की सुबह 4.15 बजे मंदिर में साफ सफाई करने रमेश यादव गए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखें तो दान पेटी से 10 हजार रुपए, चांदी का मुकूट, पायल अन्य आभूषण लगभग 60 हजार का चोरी हो गई थी। मंदिर में चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने सौमित्र धर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई**

**कर्मचारी जनदर्शन में महिला शिक्षिका ने की थी शिकायत, होगी विभागीय जांच**

# शिक्षिका से अर्जित अवकाश के लिए रिश्वत मांगी, क्लर्क सस्पेंड, बीईओ को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधवा शिक्षिका से रिश्वत मांगने के मामले में कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है। मामले में कोटा ब्लाक के बीईओ विजय तांडे को हटा दिया गया है।

बीईओ के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। कोटा बीईओ का प्रभार खुरदूर के प्राचार्य नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा को सौंपा गया है। इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ क्लर्क एकादशी पोर्त को सस्पेंड कर दिया गया है। इसी क्लर्क ने महिला से अर्जित अवकाश की राशि भुगतान के लिए 1.34 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

दरअसल कोटा विकासखण्ड की शिक्षिका श्रीमती नीलम भारद्वाज ने पखवाड़े भर पहले कलेक्टर द्वारा आयोजित कर्मचारी जनदर्शन में एक शिकायत पत्र सौंपा था। उन्होंने बताया कि उनके शिक्षक पति के देहावसान उपरांत उनके स्वत्वों के भुगतान के लिए 1.34 लाख रुपए के रिश्वत की मांग की जा रही है। बीईओ को जानकारी देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उनके शिकायत को टीएल पंजी में दर्ज किया और जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच के निर्देश दिए। जांच में महिला शिक्षिका द्वारा लगाया गया आरोप सही पाया गया।

बीईओ व बाबू पर आरोप | शिक्षक की मौत 10 महीने पहले हो गई है, शिक्षिका पत्नी ने की कलेक्टर से शिकायत

अर्जित अवकाश के लिए मांगी रिश्वत, कलेक्टर ने दिया जांच का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विकासखंड शिक्षा अधिकारी और वहां के क्लर्क पर अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत करने के लिए एक शख्स 34 हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगा है।

महिला शिक्षिका की शिकायत पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा विभाग को जांच करने कहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले में जांच टीम भी बना दी है। जानकारी के मुताबिक कोटा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक पुष्कर भारद्वाज की मृत्यु 12 महीने पहले हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती नीलम भारद्वाज भी रतनपुर ब्लाक के छीनापारा प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका हैं। पत्नी ने पति की मौत के दो महीने बाद मतलब कि 8 माह पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के मेडिकल अवकाश सेलरी (अर्जित अवकाश) की राशि की मांग की थी।

■ पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक की 10 माह पूर्व हुई थी मृत्यु

चेक तो बनाया लेकिन शिक्षिका को दिया नहीं

इस मांग पत्र के आधार पर बीई कार्यालय के क्लर्क और कुछ अधिकारियों ने महीनों के अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत की। कहकर इन्हाने चेक तो बना दिया। इसके एवज में हजार रुपए प्रति महीने के हिसाब से राशि स्वीकृत की गई। हालांकि लेकिन बाबूओं ने एक महीने की राशि रिश्वत के रूप में भी मांग ली गई। शिक्षिका पत्नी ने इसे देने से मना कर दिया और फिर से निवेदन किया। इस बार लेकिन विभाग के अधिकारियों और बाबूओं का लालच और बढ़ गया। चेक देने के एवज में शिक्षिका से दो माह की सेलरी एक लाख चौतीस हजार रुपए की राशि की मांग रिश्वत के रूप में की गई। बार बार निवेदन करने के बाद भी जब बीईओ आफिस के अधिकारी नहीं माने तो महिला शिक्षिका ने कलेक्टर से शिकायत की। उन्होंने कहा कि केकाहतुहर महिला शिक्षिका ने एक बार में इस मांग को लेकर मुआवजा की है। उन्होंने कहा कि केकाहतुहर महिला शिक्षिका ने अर्जित अवकाश का मुआवजा बार दिया जाएगा

तीन सदस्यीय टीम जल्द सौंपेगी रिपोर्ट

कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरन्त ही टीम गठित कर जांच के आदेश दे दिए। जिला शिक्षा विभाग को इसका जिम्मा सौंपा गया है। शिक्षा विभाग ने भी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर लिया। इसी टीम ने जांच में पाया कि बीईओ विजय तांडे एवं लिपिक एकादशी पोर्ते ने मिलकर महिला शिक्षिका को परेशान किया। बिना रिश्वत लिए उनके वास्तविक स्वत्वों को भुगतान नहीं किया जा रहा था। जान बूझकर विलंबित एवं परेशान किया जा रहा था। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर बीईओ विजय तांडे को हटा दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। तब तक के लिए उन्हे खुरदूर कोटा में प्राचार्य पद पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया हैं। वहीं सहायक वर्ग 2 एकादशी पोर्ते को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में क्लर्क को रतनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में अटैच किया गया है।

20 मार्च को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### जांच टीम ने सही पाई शिकायत

कलेक्टर से जब शिकायत हुई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया और तुरन्त ही टीम गठित कर जांच के आदेश दे दिए। जिला शिक्षा विभाग को इसका जिम्मा सौंपा गया है। शिक्षा विभाग ने भी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर लिया। इसी टीम ने जांच में पाया कि बीईओ विजय तांडे एवं लिपिक एकादशी पोर्ते ने मिलकर महिला शिक्षिका को परेशान किया। बिना रिश्वत लिए उनके वास्तविक स्वत्वों को भुगतान नहीं किया जा रहा था। जान बूझकर विलंबित एवं परेशान किया जा रहा था। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर बीईओ विजय तांडे को हटा दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। तब तक के लिए उन्हे खुरदूर कोटा में प्राचार्य पद पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया हैं। वहीं सहायक वर्ग 2 एकादशी पोर्ते को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में क्लर्क को रतनपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल में अटैच किया गया है।

### 10 माह से भटक रही महिला

दरअसल कोटा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी स्कूल में पदस्थ शिक्षक पुष्कर भारद्वाज की मृत्यु 10 महीने पहले हो गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती नीलम भारद्वाज भी रतनपुर ब्लाक के छीनापारा प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका हैं। पत्नी ने पति की मौत के दो महीने बाद मतलब कि 8 माह पूर्व विकाशखण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के मेडिकल अवकाश सेलरी (अर्जित अवकाश) की राशि की मांग की। इस मांग पत्र के आधार पर बीई कार्यालय के क्लर्क और कुछ अधिकारियों ने 6 महीने के अर्जित अवकाश की राशि स्वीकृत की। बकायदा इसका चेक भी बन गया। इसमें 67 हजार रुपए प्रति महीने के हिसाब से राशि स्वीकृत की गई। इसके लिए लेकिन बाबूओं ने एक महीने की राशि रिश्वत के रूप में भी मांग ली गई। शिक्षिका पत्नी ने इसे देने से मना कर दिया और फिर से निवेदन किया। इस बार लेकिन विभाग के अधिकारियों और बाबूओं का लालच और बढ़ गया। चेक देने के एवज में शिक्षिका से दो माह की सेलरी एक लाख चौतीस हजार रुपए की राशि की मांग रिश्वत के रूप में की गई। बार बार निवेदन करने के बाद भी जब बीईओ आफिस के अधिकारी नहीं माने तो महिला शिक्षिका ने कलेक्टर से शिकायत की।

**मुख्यमंत्री के सचिव ने प्रधानमंत्री के प्रवास की तैयारियों का लिया जायजा**

# पीएम की सुरक्षा, प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों की सुविधाओं का भी रखें ध्यान

प्रधानमंत्री प्रवास की तैयारी का जायजा लेते मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद व वरिष्ठ अधिकारी।

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को बोदरी तहसील के ग्राम मोहठ्ठा आने वाले हैं। वे विकास कार्यों की सौगात देने के साथ ही विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को मुख्यमंत्री के सचिव ने लगभग एक घंटे तक सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक की तैयारी की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर 25 मार्च तक तमाम तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों की सुविधाओं का भी तैयारी में ध्यान रखा जाये। उन्होंने तेज गरमी और बरसात की संभावना को ध्यान में रखते हुए तैयारी करने की बात कही। सभास्थल के साथ-साथ पार्किंग भी पर्याप्त होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम है, जिसमें बिलासपुर के साथ राज्य भर से लोग पहुंचेंगे। उनके यहां आने-जाने में हितग्राहियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने चाहिए। सुरक्षा प्रोटोकाल के चलते दो-तीन घण्टे पहले हितग्राहियों को पहुंचना होगा। लगभग 2 लाख लोगों के समागम की संभावना है। श्री दयानन्द ने सभास्थल पर मुख्य मंच, हेलीपेड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच, हितग्राहियों एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था आदि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने सभास्थल के समीप बनाये गये पार्किंग स्थलों का भी जायजा लिया। पार्किंग स्थल पर भी जनसुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके पहले कलेक्टर अवनीश शरण ने मुख्यमंत्री के सचिव को अब तक की तैयारी से अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

## तालापारा, ट्रैफिक थाने के पीछे संदिग्ध रूप से किराए में रह रहे दूसरे प्रदेश 50 लोग पकड़े गए

प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सीएसपी ने सरप्राइज चेकिंग चलाकर सिविल लाइन क्षेत्र में बिना सूचना के किराए के मकान में रहने वाले दूसरे प्रदेशों के 40 से 50 लोगों को पकड़कर थाने में तलब किया है। इसी तरह सिरगिट्टी क्षेत्र में शराब दुकान के आसपास गुट बनाकर खड़े होने वाले असामाजिक तत्वों को लाठी भांजकर खदेड़ा गया है। वहीं संदिग्ध दो बाइक जब्त की गई है। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

■ सीएसपी के नेतृत्व में सिविल लाइन, सिरगिट्टी में हुई चेकिंग

30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए एसपी रजनेश सिंह ने राजपत्रित अधिकारियों को दूसरे प्रदेश से आकर रहने वालों की जांच व असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। शनिवार को सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने स्टाफ के साथ तालापारा में दबिश दी, यहां से बिना सूचना के किराए के मकानों में रहने वाले पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों के 20 से 25 व ट्रैफिक थाना के पीछे किराए के मकान में रहने वाले दूसरे प्रदेश के 10 से 15 लोगों को पकड़कर थाने ले जाया गया। उसके बाद सभी से शहर में आने व काम धंधा के संबंध में पूछताछ की। उसके बाद सभी संदिग्धों का फिंगरप्रिंट लिया गया है। संदिग्धों का फिंगरप्रिंट उनके संबंधित थानो में भेजकर जांच कराई जाएगी। अपराधिक प्रकरण पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

पकड़े गए संदिग्ध।

### सिरगिट्टी में लाठी भांजकर खदेड़ा

शिकायत पर सीएसपी श्री परिहार व सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने स्टाफ के साथ विशेष अभियान चलाकर गोविंदनगर शराब दुकान के पास चारों ओर से घेराबंदी कर संदिग्ध रूप से गुट बनाकर खड़े असामाजिक तत्वों को लाठी भांजकर खदेड़ा, इससे हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर सन्नाटा पसर गया। मौके से दो संदिग्ध बाइक बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह चौक चौराहे पर गुट बनाकर खड़े होने वाले असामाजिक तत्वों को लाठी भांजकर खदेड़ा गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**रायपुर से युवती गिरफ्तार**

### फर्जी दस्तावेज से स्कार्पियो सहित दो वाहन बेचा

**बिलासपुर।** फर्जी दस्तावेज के सहारे एक व्यक्ति को 12 लाख रुपए में स्कार्पियो सहित दो वाहन बेचने वाली एक युवक को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं उसका साथी सरगना फरार है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, वर्ष 2024 में मंगला शुभम विहार कालोनी निवासी कौसल कुमार एक व्यक्ति व युवती ने दस्तावेज सहित अपनी गाड़ी बताकर 12 लाख रुपए में स्कार्पियो सहित दो वाहन बेच दिया था। बाद में उन्हें पता चला गाड़ी के दस्तावेज फर्जी हैं और गाड़ी दूसरों की है। 27 जून 2024 को उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी।

जांच में खुलासा हुआ कि मूलतः भिलाईगढ़ अम्बेडकर चौक हालमुकाम रायपुर टाटीबंद नगर निवासी नम्रता खुराना पिता रामनिवासी खुराना के बैंक खाते में खरीदी बिक्री की रकम ट्रांसफर हुई है। श्री साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रायपुर में दबिश देकर नम्रता खुराना को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके सहयोगी सरगना रायपुर टाटीबंद निवासी दानेश्वर निषाद पुलिस पकड़ से बाहर है। उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### देर रात युवक पर लाठी से हमला, लूटा मोबाइल

**बिलासपुर।** देर रात काम कर पैदल घर जा रहे युवक पर तीन युवकों ने लाठी से हमलाकर मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, जांजगीर नैला निवासी विरेन्द्र कश्यप पिता बसंत कश्यप एसी मैकेनिक का काम करते हैं। 19 मार्च को सुबह 10 बजे दो दोस्तों के साथ ट्रेन से बिलासपुर आए और काम करने के बाद रात 2.30 बजे पैदल रेलवे स्टेशन जा रहे थे। गणेशनगर चुचुहियापारा शारदा मंदिर के पास सड़क किनारे तीन लोग बैठे थे। युवकों ने उन पर लाठी से हमलाकर मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस ने श्री कश्यप की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## महिला की मौत के मामले में नीम हकीम गिरफ्तार

**राजपुर।** झोलाछाप डॉक्टर के उपचार से महिला हास्टल अधीक्षक की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शंकरगढ़ पुलिस ने जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर मामले में बंगाली डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिला को मोंटास का इंजेक्शन लगाया था जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा फेंके गए मोंटास इंजेक्शन की शीशी को भी बरामद कर लिया गया है। बता दें कि जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैरवपुर निवासी 40 वर्षीया गायत्री तिर्की पति लवकुश तिर्की जगिमा पहाड़ी कोरवा आश्रम में हॉस्टल अधीक्षिका के पद पर पदस्थ थी। महिला को पाइल्स की शिकायत थी और वह बचवार स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर के झोला झाप डॉक्टर अशोक बंगाली से अपना उपचार करा रही थी। बंगाली डॉक्टर ने महिला को दर्द से राहत के लिए 20 नवम्बर 2024 को 2 इंजेक्शन लगाए थे जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया था।

## रेलवेकर्मी की पत्नी से लूट, फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चोरी के दौरान जाग जाने पर नकाबपोश चोर रेलवेकर्मी के पत्नी पर कांच से हमला कर मोबाइल लूटकर भाग गया था। पुलिस फरार नकाबपोश को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, 27 मई 2024 को देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी एन नागराजू पिता एन व्ही एस शर्मा 40 साल पत्नी एन लक्ष्मी प्रसन्ना, पुत्री एन नीलिमा भोजन करने के बाद रात में सो गए थे। 5.15 बजे एन नागराजू की नींद खुली तो बेडरूम की आलमारी को खोलकर एक नकाबपोश तलाशी लेता दिखा, शोर मचाने पर उनकी पत्नी जाग गई। पति पत्नी ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो नकाबपोश पति पर कुर्सी से हमला कर दिया और खिड़की में लगे कांच से उनकी पत्नी के सिर पर हमला कर मोबाइल लूटकर दीवार फांदकर भाग गया था। पुलिस रेलवेकर्मी की रिपोर्ट पर नकाबपोश के पतासाजी में लगी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीआई अभय सिंह बैस ने नकाबपोश सेंदरी आवासपारा निवासी नवीन दास पिता मंगलदास 25 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है।

### ऐसे पकड़ा गया आरोपी

आरोपी नवीन दास ने लूट का मोबाइल सेंदरी आवासपारा निवासी करण सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी 24 साल को 4 हजार रुपए में बेच दिया। करण ने अपने भाई मनोज सूर्यवंशी के नाम पर सिमकार्ड लगाकर उसे चलाना शुरू कर दिया। मोबाइल चालू होते ही साइबर सेल को मोबाइल एक्टिव होने की जानकारी मिल गई। उसके बाद पुलिस ने खरीददार करण सूर्यवंशी को पकड़कर नकाबपोश लुटेरे को पकड़ा लिया। पुलिस ने खरीददार करण सूर्यवंशी को धारा 411 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## पीएम रिपोर्ट में ड्राइवर के हत्या की पुष्टि

**बिलासपुर।** कोटा कोयला साइडिंग में झारखंड के ड्राइवर की लाश मिलने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि की गई है। मृतक के पिता ने जमीन विवाद पर अपने छोटे भाई पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस जुर्म दर्ज आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

कोटा थाना के एसआई राज सिंह ने बताया, झारखंड गढ़वा निवासी सुप्रीम कुमार पिता अजय कुमार 30 साल ड्राइवर है। उसके पिता कोरबा गेवरा में रहकर कोयला भरने का काम करते हैं। 10 मार्च को सुप्रीम कुमार ट्रेलर में कोयला लेकर खाली करने कोटा साइडिंग आया था और लापता हो गया। उसके पिता अजय कुमार ने सुप्रीम के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस गुम इंसान कायम कर पतासाजी में जुटी हुई थी। 15 मार्च को कोयला साइडिंग की झाड़ियों में सुप्रीम कुमार की लाश मिली थी। 21 मार्च को कोटा पुलिस को उसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली, जिसमें डाक्टर ने सिर में वार करने से हत्या होने की पुष्टि की। उसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक के पिता का अपने छोटे भाई मुकेश कुमार से जमीन को लेकर विवाद हुआ था। इस पर मुकेश ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। 10 मार्च को मृतक कोयला खाली करने कोटा साइडिंग आया था। जहां उसके भाई मुकेश कुमार व चाचा भी कोयला खाली करने पहुंचे थे। पिता अजय कुमार ने छोटे भाई मुकेश कुमार पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

**घंटों इंतजार के बाद भी नहीं हो पा रहा काम, लोग हो रहे परेशान**

# आधार कार्ड सुधरवाने डाकघर में लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इन दिनों रायगढ़ के पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड सुधरवाने के लिए रोजाना दर्जनों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कई घंटे इंतजार के बाद भी अधिकांश लोगों का काम नहीं हो पा रहा है। जिससे कतार में खड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

घंटाघर के उप डाकघर पर आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने के लिए मंगलवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग जल्दी टोकन लेने के लिए धक्कामुक्की करने लगे, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। बीते कई दिनों से रायगढ़ के डाकघर में आधार कार्ड बनवाने व पुराने में संशोधन कराने को लेकर काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जिससे डाकघर के भीतर व बाहर दर्जनों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। डाकघर के बाहर सड़क पर वाहनों की कतारें लग रही हैं। जल्दी काम कराने के चक्कर में लोगों के बीच धक्कामुक्की तक की स्थिति निर्मित हो रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड जरूरी कर दिया गया है। वहीं नए आधार कार्ड बनवाने या पुराने में संशोधन कराने के लिए लोग डाकघर पहुंच रहे हैं। जिन बच्चों की उम्र पांच साल से अधिक हो गई है. उनके आधार कार्ड बॉयोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य का दिय गया है। साथ ही इन दिनों राशन कार्ड की ई केवाईसी का कार्य भी चल रहा है। जिसके चलते लोग रोजाना डाकघर के चक्कर काट रहे है। रोजाना सुबह से ही आधार पंजीयन/अद्यतनीकरण केन्द्र में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। एक व्यक्ति के काम में करीब 20 से 30 मिनट का समय लग रहा है। जिससे कतार में खड़े बुजुर्ग व बच्चों के साथ पहुंची महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो जब उनका नंबर आता है तो कुछ त्रुटी व दस्तावेजों की कमी बता कर उनका काम नहीं हो पा रहा है। जिससे उनको हताश होकर बैरंग लौटना पड़ रहा है।

### गाज की चपेट में आकर घायल ग्रामीण की मौत

**सीतापुर।** गाज की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। बता दें कि शुक्रवार की शाम से मौसम में हुए बदलाव और चक्रवाती परिसंचरण के कारण जिले में गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश और जमकर ओला वृष्टि हुई है। इस दौरान जगह जगह गाज गिरने की घटनाएं भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि गाज की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। थाना अंतर्गत ग्राम सुरेशपुर स्कूल पारा निवासी 55 वर्षीय श्याम लाल चिकवा आ. स्व. रामचन्द्र चिकवा गांव का चौकीदार था और वह रात को अपने घर में सो रहा था। परिजन के अनुसार सोते समय खपरैल घर में आकाशीय बिजली गिरने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन द्वारा ग्रामीण को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।

### सरगुजा में बाल कृष्ण और बलरामपुर में कृष्ण प्रताप को कांग्रेस की कमान

**अंबिकापुर।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर सर्जरी की है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला अध्यक्षों को बदला गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्भाग में सरगुजा और बलरामपुर जिले में भी जिलाध्यक्ष बदले गए है। सरगुजा जिले में कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाल कृष्ण पाठक को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके पूर्व राकेश गुप्ता जिले की कमान संभाल रहे थे। बता दें कि बालकृष्ण पाठक पूर्व में वर्ष 2016 से 2019 तक सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सरगुजा की तीनों विधानसभा क्षेत्र में भारी बहुमत से जीत हासिल किया था। कांग्रेस की सरकार में वे औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए थे, जो कैबिनेट मंत्री के स्तर का पद है। उनकी नियुक्ति का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। इसके साथ ही बलरामपुर जिले में कांग्रेस ने कृष्ण प्रताप सिंह (नान बाबा) को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। कृष्ण प्रताप सिंह भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है और वर्षों से पार्टी से जुड़कर कार्य कर रहे है। इससे पहले वे बीडीसी के पद पर चुनाव जीत चुके है। जबकि इसके पूर्व बलरामपुर जिले की कमान राजेन्द्र तिवारी के पास थी। उन्होंने वर्ष 2020 से 2025 तक कांग्रेस को संभाल कर रखा। कृष्ण प्रताप सिंह (नान बाबा) और बाल कृष्ण पाठक पैलेस खेमे से पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाते है।

## खबर संक्षेप

### प्रेरणा महिला मंडल ने महिलाओं को किया सम्मनित

**कोरबा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र कौर प्रीति झा, अनु झा, वार्ड 22 की पार्षद आशा साहू वार्ड 21 की पार्षद बालकी खजूर अंजलि पटेल आदि उपस्थित थी यह आयोजन क्षेत्र की महिलाओं को सख्त मंच प्रदान करने और उनके बीच आपसी प्रेम व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया महिला दिवस व होली मिलन समारोह मैं बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया महिलाओं ने जमकर नित्य किया इस कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न गेम्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। अध्यक्ष उमा कुमारी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सख्त बनाना और उन्हें समाज में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है हमें उम्मीद है कि इस आयोजन से महिलाओं को एक दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी समस्याओं का समाधान करने का अवसर मिलेगा। अध्यक्ष उमा सोनी, सचिव तुलेश्वरी साहू, मंजू यादव, रुबी गुप्ता, मनजीत कौर, निक्की कौर, मिशा रंधावा, रितु साहू, निशा साहू, किरण साहू, सुमन, रेखा शुक्ला, निशा साहू, जमुना चौधरी, लक्ष्मी साहू, निर्मला कश्यप, श्वेता सिंह, निर्मला कश्यप, श्वेता सिंह, अमिता सोनी, प्रीटी मिश्रा, सुषमा साहू, दुर्गा सिंह, दुर्गा राजपूत, मिशा, मोना मिश्रा, सरोज, संचिता, नीलू, प्रीति, संजू, उषा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सर्पदंश की रोकथाम हेतु कई जिलों के डॉक्टर पहुंच रहे कोरबा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ 44 प्रतिशत वनों से आच्छादित राज्य है जिसमें 70 प्रतिशत आजीविका कृषि अथवा इससे संबंधित कार्यों से होती हैं। ऐसे में सांपों के साथ आमना सामना होना एक सामान्य बात हैं। लेकिन ऐसे में सर्प दंश की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। सर्प दंश की समस्या साल दर साल बढ़ती जा रही हैं पिछले पांच सालों में 17 हजार सर्प दंश की घटनाएं राज्य से हुई हैं और एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में सर्प दंश से मृत्यु दर में प्रदेश तीसरे स्थान पर हैं जो बेहद ही चिंता जनक हैं। जागरूकता की कमी होना, सांपों की ठीक ढंग से पहचान ना होना, मुख्य चिकित्सा केंद्रों से दूरी आदि कुछ ऐसे कारण है जिनसे सर्प दंश में मृत्यु की घटनाएं बढ़ती हैं। यदि पीड़ित व्यक्ति ठीक भी हो तो उसमें कई प्रकार की अन्य अवांछित प्रभाव भी होते हैं। केंद्र सरकार ने सर्प दंश से हो रही मृत्यु को 2030 तक आधा करने के लिए एक्शन प्लान भी बनाया हैं। इसी दिशा में पहली बार जिले में कई जिलों के डॉक्टर और पीएचसी स्टॉफ, विद्यार्थी, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, अशासकीय संस्थाएं आदि एक मंच पर सर्प दंश प्रबंधन कार्यशाला में उपस्थित होंगे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर और ग्राम मड़ई का किया दौरा

# नीति आयोग की टीम ने की पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक में विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समीक्षा बैठक लेते नीति आयोगी यंग प्रोफेशनल सुश्री नूपुर एवं अन्य।

नीति आयोग की यंग प्रोफेसनल सुश्री नूपुर गोहरी के नेतृत्व में एक टीम ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जिला के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक का दौरा किया। इस दौरान टीम ने जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रमुख विकास संकेतकों की समीक्षा की और जमीनी हकीकत जानने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं ग्राम मड़ई का भ्रमण किया।

ग्राम भ्रमण और बैठक का उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, आजीविका, जल, स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति का मूल्यांकन करना था। टीम ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आयुष्मान आरोग्य मंदिर,गुरसिया एवं ग्राम मड़ई का फील्ड विजिट किया। बैठक में प्रमुख संकेतकों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं आजीविका जल, स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आदि की की समीक्षा की। सुश्री गोहरी ने पहले त्रैमासिक में एएनसी (गर्भावस्था देखभाल) पंजीकरण की दर। संस्थागत प्रसव की संख्या। उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच की स्थिति। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पूरक पोषण योजना का लाभ। प्राथमिक से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर छात्रों का संक्रमण दर, बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों का प्रदर्शन, स्कूलों में कार्यशील शौचालय और पेयजल उपलब्धता किसान उत्पादक संगठन के गठन की स्थिति, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण की प्रगति।एफएमडी कार्यक्रम के तहत पशुओं का टीकाकरण, कार्यशील नल कनेक्शन प्राप्त करने वाले घरों का प्रतिशत, खुले में शौच मुक्त प्लस घोषित गांवों की संख्या। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मकानों के निर्माण की स्थिति आदि बिंदुओं पर चर्चा की। सुश्री गोहरी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, गुरसिया का दौरा किया, जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की सेवा उपलब्धता और गुणवत्ता की समीक्षा की। इसके अलावा, उन्होंने ग्राम मड़ई में समुदाय के सदस्यों से बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका कार्यक्रमों में आने वाली चुनौतियों को समझा। बुनियादी ढांचे और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का भी मूल्यांकन किया गया। सुश्री गोहरी ने प्रमुख संकेतकों में प्रगति लाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि एएनसी पंजीकरण में सुधार के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूत किया जाए।बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से संस्थागत प्रसव दर बढ़ाई जाए। एफपीओ के गठन और कृषि हस्तक्षेपों में तेजी लाई जाए। जल जीवन मिशन के तहत अधिक घरों में नल जल कनेक्शन प्रदान किए जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मकानों का निर्माण समय पर पूरा करने कहा गया।

# छत्तीसगढ़ में कलचुरी शासकों का योगदान गौरव का प्रतीक

कल्चुरी समाज के सम्मेलन में उपस्थित अतिथि एवं समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छग की प्रचीन राजधानी रही तुमान में कलचुरी राजवंश इतिहास व पुरातत्व शोध समिति द्वारा कटघोरा गोकुलधाम कलचुरी कालीन इतिहास व पुरातत्व शोध संगोष्ठी एवं बौद्धिक परिचर्चा सम्मेलन में देशभर के कलचुरी इतिहास के जानकार और इतिहासवेदा जुटे जहां छग के कलचुरी शासकों के योगदान को गौरव का प्रतीक बताया।

दो दिवसीय संगोष्ठी और बौद्धिक सम्मेलन में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जो कलचुरी कालीन पुरातत्व इतिहास में छत्तीसगढ़ में कलचुरी शासकों ने एक हजार साल तक राज्य किया और इतिहास में कलचुरी कालीन राजवंश रहा है, जो की कलचुरी कालीन शासक है उनका छत्तीसगढ़ के प्रति योगदान भी रहा है। वह इतिहास में कहीं नहीं झलकता है। छत्तीसगढ़ की प्रथम राजधानी तुमान रहा। छत्तीसगढ़ में कलचुरी शासकों का अथक योगदान रहा जो गौरव का प्रतीक है। स्कूली बच्चों को कलचुरी गौरव की गाथा की इतिहास पढ़ाया जाए। सरकार से निवेदन करेंगे। कलचुरी गौरव मासिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया ।पत्रिका में छत्तीसगढ़ के पुरातत्व की गाथा लिखी गई है। जो इतिहास गवाह हैं। कलचुरी साम्राज्य के शोध के लिए इतिहासकार, पुरातत्व वक्ता, सामाजिक चिंतक भी उपस्थित है। मुख्य अतिथि महोदय श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री एवं बॉलीवुड से हीरो मुकेश चौकसे प्रीति चौकसे को आयोजक समिति द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# पंचायत सचिव संघ संचालक के आदेश पर भड़का, प्रति जलाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीयकरण की मांग पूरी कराने पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं। दूसरी तरफ ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्देश पंचायत संचालनालय की संचालक ने समस्त जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर दिया है, जिसका पंचायत सचिव संघ ने विरोध करते हुए आदेश के प्रति जलाने का निर्णय लिया है।

संचालक पंचायत के द्वारा जारी आदेश में ग्राम पंचायतों के कार्यों की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त हड़ताली ग्राम पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर अपने कर्तव्य पर लौटने के संबंध में अपने स्तर से निर्देश प्रसारित कर निर्देश की अवहेलना करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने कहा गया है। इस आदेश को लेकर सचिव संघ में नाराजगी है। सभी कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष से कहा गया है कि दोपहर 1 बजे उक्त आदेश की प्रतियां जलाएंगे। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष आदेश की प्रति जलते हुए मीडिया कवरेज कराएंगे। साथ ही संबंधित सरकार के मंत्रियों को टैग करते हुए विभिन्न सोशल मीडिया में पोस्ट करेंगे। संघ ने कहा कि 24 घंटा के अल्टीमेटम को धरना स्थल पर जलाए जाने हेतु जिलाध्यक्ष सचिव संघ जयपाल सिंह कंवर, जिला सचिव राजकुमार रजक आदि उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा, सुदामा चरित्र प्रसंग में बताई सच्ची मित्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

व्यासपीठ की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

मित्रता हो तो भगवान कृष्ण और सुदामा जैसी होनी चाहिए जो अपने मित्र के मन की बात बिना बताए ही जान लेते थे आजकल मित्रता केवल स्वार्थ की रह गई है। जब तक अपना स्वार्थ रहता है मित्रता रहती है और स्वार्थ पूरा होते ही मित्र को भूल जाते हैं मित्रता में पैसा नहीं प्रेम होना बहुत जरूरी है। मित्रों में जब तक प्रेम बना रहेगा तो मित्रता कभी नहीं टूटेगी यह बात कथा वाचक पंडित आचार्य मुकेश मिश्रा महाराज ने सुदामा चरित्र प्रसंग सुनाते हुए कहा

बांकीमोंगरा जंगल साइड वार्ड क्रमांक 8 के धोबी मोहल्ला में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है कथा में आचार्य ने व्यास पीठ से सुदामा चरित्र का वर्णन किया इस दौरान राधा कृष्ण व सुदामा की झांकी भी निकाली गई। आचार्य ने कहा कि दान का बड़ा महत्व है मित्र कैसा होना चाहिए मित्र का क्या धर्म है यह बताते हुए आचार्य ने बताया कि धीरज, धर्म, नारी और मित्र आपत्ति के समय अगर काम आए तो वह आपका सच्चा मित्र है मित्र के दुख को देखकर जो दुखित हो मित्र के सुख में वह सुखी हो यही मित्रता है। मित्रता करो तो कृष्ण सुदामा जैसी करो ब्राह्मण सदा पूजनीय है। स्वयं भगवान ने सुदामा रूपी ब्राह्मण की पूजा की थी ब्राह्मण सदा वंदनीय है। पूज्य विप्र सकल गुण होना ब्राह्मण को इस पृथ्वी का जीता जागता भगवान बताया है। ब्राह्मण को भूदेव कहा गया है आगे कथा में गुरु के महत्व को बताया अंधकार से जो प्रकाश की ओर लेकर जाए वहीं गुरु होता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### वितरण कंपनी में...

गया है। न्यायालय ने अपने फैसले में याचिकाकर्ता कर्मचारियों के पर्याप्त अनुभव व पूरी योग्यता को स्थायी करने में बाधा नहीं माना है। वर्षों से एनआईटी रायपुर में संविदा व दैनिक वेतनभोगी के पद पर कार्यरत कर्मचारियों की नियुक्ति विधिवत प्रक्रिया से होने में विज्ञापन, लिखित परीक्षा, इंटरव्यूव के बाद मेरिट आधार पर चयन को स्थायी करने का आधार बताया गया है। श्री चेट्टी ने बताया है कि संगठन का सुझाव है कि विद्युत कंपनी द्वारा परिचारक लाईन (संविदा) में नियोजित कर्मचारियों की भी नियमित पद व भर्ती की पूर्ण प्रक्रिया फैसले के अनुसार हुई है। अतः संविदा में कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में न्यायालय के फैसले में उल्लेखित दृष्टांत को ध्यान में रख अविलंब नियमित किया जाना चाहिए।

### बुजुर्ग महिला...

में घर की बुजूर्ग महिला फूलबाई चौहान की सेहत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब पांच दिन तक उपचार चलने के बाद उनका निधन हो गया। परिवार ने सोचा फूल बाइ का अंतिम संस्कार करने के बजाए उसके शरीर का दान कर दिया जाए। मेडिकल कॉलेज के डीन ने कहा कि देहादान को लेकर प्रबंधन द्वारा लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिणाम धीरे-धीरे सामने आ रहे है।

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क.202503050700003 / बी-121/2025-26
ग्राम-जमनीमुड़ा प. ह.नं. 14
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा जमनीमुडा ग्राम पंचायत तेलसरा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. जवाली तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द दास पिता मोहन दास उम्र 59 वर्ष जाति पनिका निवासी जमनीमुड़ा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा स्थित भूमि खसरा नं. 18/1, रकबा 0.157 हे. भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने का एवं द्वितीय ऋण पुस्तिका पदाय करने का लेख करते हुए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति होतो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.04.2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विवार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21.032025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2503050700018 / बी-121/2024-25
ग्राम कटघोरा प.ह.नं. 10
तहसील कटघोरा जिला कोरबा छग

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका माही अग्रवाल पिता राजकुमार तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) ने अपने स्वयं के शिक्षा / शासकीय नौकरी में आरक्षण हेतु ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने बाबत आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आमत्ति होतो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/04/2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया। स्थान :- कटघोरा

तहसीलदार
कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सृष्टि महिला समाजसेवी संस्था ने छात्रों को बांटे पौष्टिक भोजन

**कोरबा।** सृष्टि महिला समाजसेवी संस्था ने शासकीय प्राइमरी स्कूल जूनाडीह में न्योता भोज का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को संस्था की महिला सदस्यों ने पौष्टिक भोजन का वितरण किया। छात्रों के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने न्योता भोज का आयोजन किया। साथ ही एक-दूसरे के प्रति समान भाव रखने का उद्देश्य रहा। रंग पंचमी के दिन न्योता भोज के आयोजन से छात्रों को गुलाल लगाकर पर्व मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमिला रजवाड़े, सहायक शिक्षक बिंदुलता, सृष्टि महिला समाजसेवी संस्था की अध्यक्ष गौरी चक्रवती, सचिव रागिनी तिवारी, कोषाध्यक्ष ममता मिश्रा, संगठन प्रभारी प्रमुदा मिश्रा, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, उप कोषाध्यक्ष प्रीति शर्मा, कार्यकारी सचिव सुष्मा सिन्हा, मीडिया प्रभारी कल्पना शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### बोईदा रासेयो इकाई ने मनाया जल संरक्षण दिवस

**कोरबा।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निदेशक डॉ.अशोक कुमार श्रोती, राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.नीता वाजपेयी व अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मनोज कुमार सिन्हा व जिला संगठक वाईके तिवारी के निर्देशन में तथा प्राचार्य लखनलाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज जल संरक्षण दिवस मनाया गया। जल के महत्व को विशेष ध्यान में रखकर व जल के संरक्षण के उद्देश्य से इकाई द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ जल संरक्षण शपथ कराते हुए पानी के अनर्गल उपयोग को रोकने के साथ एक एक बूंद पानी को कैसे बचाया जा सके। संरक्षण संबंधी विभिन्न उपाय विधियो को छात्रों को बताया। राजेंद्र नायक ने कहा कि छात्रों के अंदर जल संरक्षण की भावना को स्थापित करके समाज के अंदर हर घर में जल जागरूकता लाया जा सकता है व पानी बचाया जा सकता है। साथ ही पानी के बचाव व सदुपयोग किया जा सकता है, जिससे भारी गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज ना हो बरसात में भी पानी के संरक्षण के उपाय बहुत जरूरी है।

### जल है तो कल भविष्य है : सिन्हा

**हरदीबाजार।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज जल संरक्षण दिवस मनाया गया जल के महत्व को विशेष ध्यान में रखकर व जल के संरक्षण के उद्देश्य से इकाई द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ जल संरक्षण शपथ कराते हुए पानी के अनर्गल उपयोग को रोकने के साथ एक एक बूंद पानी को कैसे बचाया जा सके एवं संरक्षण संबंधी विभिन्न उपाय विधियो को छात्रों को बताया। राजेंद्र नायक ने बताया की छात्रों के अंदर जल संरक्षण की भावना को स्थापित करके समाज के अंदर हर घर में जल जागरूकता लाया जा सकता है, व पानी बचाया जा सकता है। साथ ही पानी के बचाव व सदुपयोग किया जा सकता है जिससे भारी गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज ना हो बरसात में भी पानी के संरक्षण के उपाय बहुत जरूरी है। इस अवसर पर संजय पांडेय, वीरेंद्र कुर्रे, राजेंद्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी, सुनील कुमार मिश्रा, परमेश्वर राम मराठा, सेत कुमार सांड, श्यामा मरावी के साथ स्वयंसेवक प्रतिभा पटेल, उषा पटेल, कुसुम पटेल, बृहस्पति, अंजनी, अनीता, संजू, किरण, मुस्कान, हिना, संजनी, सुलेखा, मुस्कान, उदय कुमार पटेल, युगेश, सत्यम, ज्योति, रीना, आदित्य, लक्ष्मण, अमन, लोकेश रोशन, देवेंद्र,राकेश, नरेश एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसईसीएल दीपका सालाना उत्पादन लक्ष्य से चल रहा पीछे

# कोल इंडिया के चेयरमैन प्रसाद ने दीपका खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के चेयरमेन पीएम प्रसाद ने सालाना कोयला उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रहे एसईसीएल के दीपका खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान

**खास बात**

- दीपका के सामने 10 दिनों में 8 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौती

उनके साथ एसईसीएल के सीएमडी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कोल इंडिया के चेयरमेन पीएम प्रसाद ने सबसे पहले दीपका खदान के साइलो का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने कोयला डिस्पैच व्यवस्था की समीक्षा की। रेलवे साइडिंग पर मालवाहन और लोडिंग व्यवस्था का जायजा भी लिया। खदान के व्यू प्वाइंट से निरीक्षण के बाद श्री प्रसाद ने एसईसीएल के सीएमडी के साथ विस्थापित होने वाले दर्राखांचा क्षेत्र का भी दौरा किया। दीपका खदान वर्तमान में

खदान का निरीक्षण करते सीआईएल चेयरमेन व एसईसीएल सीएमडी।

अपने उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रही है। एसईसीएल दीपका खदान को इस वित्तीय वर्ष 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य पूरा करना है। दीपका खदान में वर्तमान में लगभग 32 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। शेष बचे 10 दिनों में लगभग 8 मिलियन टन कोयला उत्पादन की चुनौती बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर कोल इंडिया के चेयरमेन ने अपने दौरे के दौरान दीपका में उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इसके बाद श्री प्रसाद सुवाभोड़ी पेंच पहुंचे। वहां भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। दौरे का मुख्य उद्देश्य उत्पादन और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना था। साथ ही सल प्रबंधन में सुधार के लिए नई रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। यह प्रसाद का जिले की खदानों का दूसरा निरीक्षण दौरा है। पहले दौरे में भी उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। सूत्रों की मानें तो उनका अगला दौरा गेवरा दीपका के बाद कुसमुंडा खदान का हो सकता है।

# गंभीर रूप से बीमार कोयला कामगारों के आश्रितों ने नौकरी की मांग को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गंभीर रूप से बीमार कोयला कामगारों को मेडिकल बोर्ड द्वारा अनफिट किए जाने के बाद भी उनके आश्रितों को पिछले 8 साल से नौकरी नहीं दी जा रही है। कोल इंडिया के अपेक्स जेसीसी व मानकीकरण कमेटी में भी चर्चा के बाद गंभीर रूप से बीमार कोल

**खास बातें**

- कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों में पिछले 8 सालों से नहीं मिल रही नौकरी
- 28 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित धरना में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि होंगे शामिल

कर्मियों के आश्रितों को नौकरी नहीं मिलने से आक्रोशित 722 कामगारों के आश्रित व श्रमिक संगठन के पदाधिकारी 28 मार्च को नई दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया लिमिटेड के कामगारों को 9.4.0 स्कीम का लाभ पिछले 8 साल से नहीं मिल रहा है। सीआईएल की सभी अनुषंगी कंपनी के 722 कामगारों के आश्रित जंतर-मंतर (नई दिल्ली) में 28 मार्च को धरना देंगे। एक दिवसीय धरना में शामिल होने के लिये पांच राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन को भी आमंत्रित किया गया है। कोल कामगार को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर मेडिकल बोर्ड

द्वारा अनफिट किया जाता है। इसी के बाद आश्रित को नौकरी मिलती थी, जो वर्तमान में नहीं मिल रहा है। जिसकी मांग सीआईएल अपेक्स जेसीसी और मानकीकरण कमेटी में भी उठता रहा है। एनसीडब्लूए 11 बोर्ड सीआईएल में लागू हैं। एनसीडब्लूए 10वां बोर्ड की बैठक में प्रबंधन ने इस मुद्दे पर एक कमेटी का गठन किया था। जिसमें प्रबंधन व यूनियन के लोग शामिल थे, लेकिन उक्त कमेटी भी इस स्कीम को लागू नहीं करा पायी। वहीं एनसीडब्लूए 11वीं में भी कमेटी गठन के निर्णय की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया गया है, लागू नहीं किया है।

### कब लागू हुई थी नौकरी देने की स्कीम

9.4.0 स्कीम कोल इंडिया की स्थापना के साथ ही चल रहा है। यह स्कीम कोयला मजदूरों के राष्ट्रीय कोयला समझौता (एनसीडब्लूए) के तहत लागू किया गया था। सीआईएल के अंतर्गत काम करनेवाले कामगार गंभीर बीमारी से पीड़ित होते हैं, तो उनके आश्रित को नौकरी दिया जायेगा। कोल कामगार गंभीर रूप से बीमार होने पर मेडिकल रिपोर्ट संबंधित विभाग में जमा करते थे। मेडिकल बोर्ड में इसकी जांच के बाद निर्णय पास होता था, इसी आधार पर बीमार कामगार के आश्रित को नौकरी दी जाती थी।

### वर्ष 2018 के बाद नहीं हुई मेडिकल बोर्ड की बैठक

वर्ष 2018 के फरवरी माह में स्टेडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस की बैठक दिल्ली में हुई। इसमें केंद्रीय कोयला मंत्री तत्कालीन पीयूष गोयल सभी ट्रेड यूनियन के नेता सभी सीएमडी व अन्य सदस्य शामिल हुए थे, 9.4.0 स्कीम पर सवाल उठे थे। स्वैच्छिक सेवानिवृति देने की बात सामने आई थी, लेकिन यह लाभ मेडिकल बोर्ड की बैठक के बाद देने का निर्णय हुआ था। संयोग से वर्ष 2018 के बाद मेडिकल बोर्ड की बैठक नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि स्कीम का लाभ से कामगार वंचित हो रहे हैं।

# घनी बस्तियों के अंदरुनी हिस्सों में नहीं पहुंची स्वच्छता की मेगा ड्राइव

वार्ड में पसरा कचरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में चल रहे स्वच्छता की मेगा ड्राइव अभी भी श्रमिक बाहुल्य बस्तियों के उन क्षेत्रों में नहीं पहुंच रही है जहां पर स्वच्छता की आवश्यकता बनी हुई है। प्रतिदिन बस्ती बस्ती घूमने वाले सफाई अमला के ऐसे क्षेत्रों में नहीं पहुंचने के कारण कचरों से पटी बजबजाती नालियां और कचरे के अंबार नजर आतते हैं।

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 67

**खास बात**

- नालियों की सफाई एवं फैले कचरों को लेकर आ रही शिकायतें

वार्डों के हर हिस्सों में स्वच्छता की मेगा ड्राईव पहुंच रही है उसके बावजूद नालियों की सफाई नहीं होने और बस्तियों के अंदर क्षेत्रों में प्रतिदिन कचरा नहीं उठने की शिकायतें आने लगी है। हालांकि निगम का सफाई अमला

### चलेगी मेगा ड्राइव टू

स्वच्छता की जो मेगा ड्राईव जो वन चल रही है उसके समाप्त होने के बाद निगम के बजट सत्र के बाद से स्वच्छता की मेगा ड्राईव टू चलाई जा रही है। जो शहर के उन क्षेत्रों में जाएगी जो मेगा ड्राईव वन के तहत सफाई अभियान में छूट गए हैं।

-संजय तिवारी,
स्वच्छता अधिकारी, नगर पालिक निगम

शहर के मुख्यमार्गों से लेकर बस्तियों के घर घर गली मोहल्लों में पहुंचकर सफाई का दावा करता है। स्वच्छता सर्वेक्षण की सर्वे टीम 2024 स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु कोरबा नगर निगम क्षेत्र पिछले तीन दिनों से आ चुकी है आम लोगों को इसकी कोई जानकारी नहीं कि उनके क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण का सर्वे कार्य कराया जा रहा है नगर निगम के अधिकारियों द्वारा चोरी छुपे सर्वे का कार्य कराया जा रहा है। छोटे-छोटे स्थान को उनके सामने साफ कराकर उनकी फोटो खिंचवाई जा रही है। जबकि शहर की स्थिति सफाई के मामले में बिल्कुल ही बेकार स्थिति में है।

# राइस मिलर ने दिखाई मानवता मृतक परिवार को दिया मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में शुक्रवार को लखनपुर बरभाटा स्थित न्यू वैष्णवी राइस मिल में दीवार गिरने से एक

**खास बातें**

- मृतकों को एक एक लाख, गंभीर घायलों को 50-50 हजार तो अन्य घायलों को 25 हजार की दी सहायता राशि
- राइस मिलर ने घायलों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने दिया भरोसा

बड़ा हादसा घटित हुआ। इस हादसे में मलबे में दबकर 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 6 लोगों को गंभीर चोट आई। सभी घायलों का कटघोरा के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया। फिलहाल पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

इस घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस व प्रशासन उपस्थिति से न्यू वैष्णवी राइस मिल के संचालक राकेश अग्रवाल ने मानवता दिखाते हुए दीवार गिरने से हादसे में हुए मृतक परिवार के परिजनों को 1-1 लाख की सहायता राशि व गंभीर घायलो को 50-50 हजार तथा अन्य घायलों को 25-25 हजार की सहायता राशि परिजनों को दी गई साथ ही सभी घायलों को पूर्ण स्वास्थ्य उपचार का खर्चा उठाने का पूरा भरोसा दिलाया है। इस दौरान पोंडी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन, कटघोरा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी, अतिरिक्त तहसीलदार प्रियंका झा, पोडीउपरोड़ा नायब तहसीलदार सुमन मानिकपुरी, जनपद सदस्य लक्ष्मण डिक्सेना, सरपंच लखनपुर, नंगोई बछेरा, कापुबहरा, सुतर्रा, सिंघिया, मोहनपुर, तिलाईडांड तथा थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी के समक्ष सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।

### जांच के बाद कार्रवाई का दिलाया भरोसा

राइस मिल हादसा को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि हादसे की वजह क्या रही यह जांच का विषय है। फिलहाल राइस मिल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। राइस मिल संचालक द्वारा मृतक व घायलों को सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है साथ घायलों उपचार भी कराया जा रहा है।

# एसईसीएल दीपका की लचर व्यवस्था से नाराज ग्रामीणों ने 27 को महाआंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

एसईसीएल दीपका क्षेत्र की अव्यवस्थाओं औरभू-विस्थापित प्रभावित रहवासियों की उपेक्षा से नाराज होकर ग्राम मालगांव के ग्रामीणों ने 27 मार्च को महाआंदोलन करने की घोषणा की है। ग्रामीणों ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर खदान बंद और महाप्रबंधक कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है। मांगें पूरी न होने पर खदान संचालन ठप करने की चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और प्रबंधन को 5 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 27 मार्च को खदान का संचालन पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा और महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी क्षति की जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और शासन-प्रशासन की होगी। ग्रामीणों की प्रमुख मांगे ग्राम मालगांव में मकानों की शेष नापी पूरी की जाए और भू-विस्थापितों को लंबित मुआवजा राशि का शीघ भुगतान किया जाए। प्रभावित परिवारों को नियमानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाए। भू-विस्थापितों के लिए सुव्यवस्थित पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। खदान क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन और सुरक्षा लाभ दिया जाए।

## बेकार हो चुके बोर्ड से परेशान लोग, निगम से हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रोहा मार्ग वार्ड नंबर 12। सरकारी राशन दुकान के सामने सड़क पर लगे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के दो बोर्ड अब आवागमन में बाधा बन रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये बोर्ड कई साल पहले लगाए गए थे, लेकिन अब इनकी कोई आवश्यकता नहीं है। एक बोर्ड किसी वाहन की टक्कर से टूट चुका है, जिससे सड़क पर यातायात बाधित हो रहा है। निवासियों ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इन बोर्डों को हटाने की मांग की है। प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### ट्रैफिकिंग अनैतिक व्यापार की रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षण

**कोरबा।** जिले में अनैतिक व्यापार, महिलाओं तथा बच्चों के ट्रैफिकिंग की रोकथाम अधिनियम 1956 तथा नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# आज से हसदेव एक्सप्रेस के यात्रियों को मिलेगी एलएचबी कोच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18251, 18252 रायपुर-कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त

फाइल फोटो

होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है। वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है। इन कोचों में सामान्य कोचों की तुलना में ज्यादा जगह होती है। आईसीएफ़ कोच की तुलना में एलएचबी कोच में बर्थ की संख्या भी अधिक होती है। इससे रेल यात्रियों को अधिक से अधिक बर्थ की सुविधा प्रदान करने में भी सहायता मिल रही है। एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है। वही दाएं बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है। उपयुक्त सभी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गाड़ी गाड़ी संख्या 18251/18252 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 23 मार्च से तथा 18252 कोरबा रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 24 मार्च से उपलब्ध रहेगी। इससे यात्रियों को बेहतर आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह गाड़ी 1 एसएलआरडी, 5 चेयर कार, 1 वातानुकूलितचेयर कार, 7 जनरल कोच एवं 1 लगेज, जेनेरेटर, ब्रेक वेन सहित कुल 15 कोचों के साथ चलाई जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई,
23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport